आईटीआई को अपग्रेड करेगी उत्तर प्रदेश सरकार

चर्चा में क्यों?

8 अगस्त, 2022 को उत्तर प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि राज्य सरकार ने व्यावसायिक प्रशिक्षण में सुधार के उद्देश्य से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) को अपग्रेड करने के अपने निर्णय की घोषणा की है, जिसके लिये 4,000 करोड़ रुपए की राशि आवंटित की गई है।

प्रमुख बिंदु

- व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि सरकार आईटीआई के तकनीकी उन्नयन के लिये एक निजी संगठन के साथ समझौता करेगी।
- राज्य सरकार ने पहले चरण में, उन्नयन के लिये 50 आईटीआई का चयन किया गया है, जिसके लिये 4,000 करोड़ रुपए आवंटित किये गए हैं। साथ ही माध्यमिक शिक्षा विद्यालयों में छात्रों के रोज़गार कौशल में सुधार के लिये केंद्र शुरू किये जाएंगे। इसके लिये हर ज़िले में दो कॉलेज और राज्य भर के 150 कॉलेजों का चयन किया गया है।
- उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने निजी क्षेत्र में 10 नए आईटीआई स्थापित किये हैं, जहाँ प्रशिक्षण देने का काम जल्द ही शुरू होगा। इसके अलावा, 15 नए सरकारी आईटीआई का निर्माण पूरा हो चुका है और जल्द ही उनका उद्घाटन किया जाएगा।
- राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 में सरकार ने 29 सेक्टरों की पहचान की थी, जिनमें दो लाख से ज़्यादा युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा, इसके अंतर्गत लगभग 10,000 युवाओं को उड्डयन में तथा 33,021 को स्वास्थ्य सेवा के लिये में प्रशिक्षित किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttar-pradesh-government-will-upgrade-iti